# अध्याय 9

# बुलबुल

## पाठ आधारित प्रश्न

1. प्रश्नों के सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए।

   (i) बुलबुल की पूँछ के नीचे की जगह का रंग कैसा होता है?

   (क) सफ़ेद ☐ (ख) काला ☐

   (ग) भूरा ☐ (घ) लाल ☐

   (ii) बुलबुल का कौन सा अंग रंग में काला होता है?

   (क) पीठ ☐ (ख) पंख ☐

   (ग) पेट ☐ (घ) सिर ☐

   (iii) बुलबुल को किससे डर नहीं लगता?

   (क) शेर से ☐ (ख) भालू से ☐

   (ग) मनुष्यों से ☐ (घ) चील से ☐

   (iv) बुलबुल के अंडों का क्या रंग होता हैं?

   (क) हल्के गुलाबी ☐ (ख) हल्के लाल ☐

   (ग) हल्के बैंगनी ☐ (घ) हल्के भूरे ☐

2. दिए गए विकल्पों में से शब्दों को छाँटकर खाली स्थान भरिए।

   सिपाही, स्वयं, चिड़िया, बिंदियाँ, अंडों, लाल

   (i) बुलबुल एक .......................................... है।

   (ii) बुलबुल अपना घोंसला .......................................... बनाती है।

   (iii) बुलबुल के ...................... पर कुछ लाल, कुछ भूरी और कुछ बैंगनी ........................... रहती हैं।

   (iv) यदि पूँछ के नीचे की जगह ................................ हो तो समझो ............................... बुलबुल है।

3. नीचे दिए गए कथनों में से सत्य कथन के लिए (✓) तथा गलत कथन के लिए (×) का चिह्न लगाइए।

(i) बुलबुल ऊँची आवाज़ निकालती है। ☐

(ii) बुलबुल उड़ नहीं सकती। ☐

(iii) सिपाही बुलबुल सिर पर कलगी वाली होती है। ☐

(iv) बुलबुल केवल फल खाती है। ☐

(v) बुलबुल दूसरों के घोंसलों में अंडे देती है। ☐

(vi) सिपाही बुलबुल के दो सींग होते हैं। ☐

(vii) बुलबुल एक नाचने वाला जानवर है। ☐

(viii) बुलबुल गुर्राने और तेज़ दौड़ने वाला पशु है। ☐

(ix) बुलबुल एक चिड़िया का नाम है। ☐

(x) काले रंग की कलगी सिर पर धारण करने वाली बुलबुल सिपाही बुलबुल कही जाती है। ☐

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) बुलबुल को कैसे पहचान सकते है?

---------------------------------------------------

(ii) बुलबुल की पूँछ के सिरे का रंग कैसा होता है?

---------------------------------------------------

(iii) पूँछ और सिर के अलावा बुलबुल का बाकी शरीर किस रंग का होता है?

---------------------------------------------------

(iv) खाने के लिए बुलबुल ज़ोर से हमला कहाँ करती है?

---------------------------------------------------

(v) बुलबुल अपना घोंसला किन–किन चीज़ों से बनाती है?

---------------------------------------------------------

(iv) बुलबुल एक बार में कितने अंडे देती है?

---------------------------------------------------------

(vii) बुलबुल क्या खाती है?

---------------------------------------------------------

(viii) सिपाही बुलबुल कैसी होती है?

---------------------------------------------------------

(ix) बुलबुल का घोंसला कैसा दिखता है?

---------------------------------------------------------

5. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

बुलबुल पीपल या बरगद के पेड़ पर कीड़े ढूँढ़कर खाती है। वह हमारी तरह सब्ज़ी और फल भी खाती है। अमरूद के बगीचे या मटर के खेत पर बुलबुल काफ़ी ज़ोर से हमला करती है। वह अपना घोंसला सूखी हुई घास और छोटे पौधों की पतली जड़ों से बुनती है। घोंसला अंदर से एक सुंदर कटोरे जैसा दिखता है।

(i) बुलबुल पीपल या बरगद के पेड़ पर क्या चीज ढूँढ़कर खाती है?

(क) फल ☐ (ख) सब्जी ☐

(ग) कीड़े ☐ (घ) पत्तियाँ ☐

(ii) बुलबुल का घोंसला अंदर से कैसा दिखता है?

(क) चम्मच जैसा ☐ (ख) कटोरे जैसा ☐

(ग) टोकरी जैसा ☐ (घ) प्लेट जैसा ☐

(iii) बुलबुल हमारी तरह क्या–क्या चीजें खाती है?

---------------------------------------------------------

(iv) समान अर्थ वाले शब्द लिखिए।

(क) पेड़ ................................ (ख) ज़ोर ................................

(ग) सुंदर ................................ (घ) हमला ................................

(v) विलोम शब्द लिखिए।

(क) अंदर ................................ (ख) अपना ................................

(ग) छोटे ................................ (घ) सुंदर ................................

## भाषा आधारित प्रश्न

1. नीचे दिए गए शब्दों को उनके अर्थ से मिलाइए।

| | शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|---|
| (i) | पहचानना | (क) | पक्षियों के सिर पर पंखे समान बालों का गुच्छा |
| (ii) | सिरा | (ख) | थोड़ा |
| (iii) | कलगी | (ग) | आसान |
| (iv) | बगीचा | (घ) | आक्रमण |
| (v) | सरल | (ङ) | जानना |
| (vi) | हमला | (च) | उद्यान |
| (vii) | कुछ | (छ) | अंतिम हिस्सा |

2. नीचे बुलबुल के दो चित्र हैं। इनमें से पहचानिए कि कौन सिपाही बुलबुल है। उसके सामने (✓) का निशान लगाइए।



चित्र 1



चित्र 2

3. हमें पहचानो

मैं काली हूँ। मीठा गाना गाती हूँ। ........................................................

मैं हरा हूँ। लाल मेरी चोंच है।
हरी मिर्च खाता हूँ। ........................................................

सूप जैसे कान हैं। मोटे–मोटे पाँव हैं।
लम्बे–लम्बे दाँत हैं। ........................................................

सिर पर ताज है। दुम पर पैसा है।
बादल देखकर नाचता हूँ। ........................................................

घरों में आता हूँ।
सारी चीज़ें कुतर जाता हूँ। ........................................................

4. एक नाम

बुलबुल, तोता, चिड़िया, कबूतर पक्षी कहलाते हैं।

नीचे लिखी चीज़ों को क्या कहते हैं? लिखो।

नाम

गोभी, आलू, भिंडी ........................................................

संतरा, केला, सेब ........................................................

गाय, हाथी, कुत्ता ........................................................

मूँग, चना, अरहर ........................................................

5. किन्हीं छह पक्षियों के नाम लिखो–

.................................. .................................. ..................................

.................................. .................................. ..................................

6. बुलबुल शब्द से मिलते–जुलते चार शब्द लिखो–

........................................................... ...........................................................

........................................................... ...........................................................

## रचनात्मक लेखन

1. आपके घर में किस–किस रंग की चिड़ियाँ आती हैं?

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

***********